कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, चित्रकूट

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक सं0–1928/S.F.C.M. Cell/Lucknow, Dated : 28.02.2026 के अनुपालन में परिवार न्यायालय, चित्रकूट में एक पद पर परामर्शदाता की नियुक्ति किए जाने हेतु प्राप्त आवेदन पत्र उत्तर प्रदेश शासन को अग्रसारित किए जाने हैं, जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त पद हेतु अर्हता निम्नवत् है :–

1. अर्ह व्यक्ति समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री रखता हो और उसे समाज सेवा का अनुभव हो, जो व्यक्ति सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और पारिवारिक काउसलिंग में दो वर्ष का अनुभव हो, उसे वरीयता दी जाएगी।

2. विज्ञापन के समय परामर्शदाता (काउंसलर) की आयु 35 वर्ष से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

3. परामर्शदाता का कार्यकाल प्रारम्भ में तीन वर्ष का होगा। माननीय उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर तीन वर्ष के लिए उनके नाम पर पुनर्विचार किया जा सकता है।

4. परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जाएगी और वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।

5. नियुक्त परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार नियत रूपए 1,000/– प्रतिकार्य दिवस अथवा रूपए 24000/–रू0 प्रतिमाह, जो भी कम हो, मानदेय/फीस के रूप में देय होगा।

आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद न्यायालय, चित्रकूट की आधिकारिक वेबसाईट https://chitrakoot.dcourts.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित **दिनॉक 29.03.2026 समय 04:00 पी0एम0 तक कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, चित्रकूट** में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्ति रूप से प्रेषित कर सकते हैं।

R.yadav 14.03.26

(राकेश कुमार यादव)
प्रधान न्यायाधिश, परिवार न्यायालय
चित्रकूट

प्रतिलिपि–विज्ञापन हेतुः–

1. नोटिस बोर्ड, परिवार न्यायालय एवं जिला न्यायालय, चित्रकूट
2. नोटिस बोर्ड जिला बार एसोसिएशन, चित्रकूट
3. नोटिस बोर्ड बार एसोसिएशन, मऊ, चित्रकूट
4. जिला सूचना अधिकारी को सूचना के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु एवं प्रकाशन उपरान्त सम्बन्धित समाचार पत्रों की प्रतिलिपियॉं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु।
5. जिलाधिकारी, चित्रकूट के नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
6. सिस्टम आफीसर, कम्प्यूटर को इस निर्देश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि को जनपद चित्रकूट व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(राकेश कुमार यादव)
प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय
चित्रकूट

परिवार न्यायालय, चित्रकूट में परामर्शदाता पद पर नियुक्ति के सम्बन्ध में आवेदन पत्र का प्रारूप

1. नाम आवेदक (हिन्दी में)..

आवेदक का नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज स्वप्रमाणित फोटो

2. नाम आवेदक (अंग्रेजी के बड़े अक्षर में)...

3. पिता/पति का नाम..

4. जन्मतिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार)...

5. आवेदक का पूरा स्थाई पता (पिन कोड सहित)..

6. आवेदक का पूरा वर्तमान पता (पिन कोड सहित)...

7. मतदाता पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड नम्बर...

8. टेलीफोन/मोबाईल नम्बर..

9. क्या आवेदक के विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लम्बित है..
अथवा किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है, यदि हॉ तो विवरण दें............

10. वर्तमान कार्यक्षेत्र...

11. आवेदक की शैक्षिक योग्यता...

क0सं0	शैक्षिक योग्यता	चयनित विषय	बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम	प्राप्तांक कुल अंक	प्रतिशत
1					
2					
3					
4					
5					
6					
7					
8					

(संगत अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। स्नातक एवं उससे उच्चतर स्तर पर चयनित विषय का उल्लेख करना अनिवार्य है।)

समाज सेवा का अनुभव (यदि कोई हो)...
(संगत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें)

पारिवारिक काउंसलिंग का अनुभव (यदि कोई हो)..
(संगत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें)

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर
पूरा नाम
दिनॉक
स्थान